राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

**राज्यपाल अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में सम्मिलित हुए**

**अटल जी कवि हृदय के संवेदनशील राजनीतिज्ञ थे- राज्यपाल**

जयपुर, 23 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाग लिया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी इस दौरान उपस्थिति रहे।

राज्यपाल श्री बागडे ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वह कवि हृदय के संवेदनशील, राष्ट्रवादी विचारों के विरल राजनीतिज्ञ थे। राष्ट्र हित को सर्वोपरी रखते अपने निर्णय पर सदा अटल रहते थे। संसदीय परम्पराओं के मर्मज्ञ होने के साथ वह आम जन की भावनाओं को समझने वाले संवेदनशील व्यक्तित्व थे। उन्होंने अंतर्मन संवेदनाओं को छूती काव्य रचनाएं की।

इससे पहले राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अटल जी की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियो ने अपनी रचनाएं सुनाई। उन्होंने अटल जी के विचारों के आलोक में कविताएं सुनाते उन्हें याद किया।

----


अटल जी
PALAN SOUND






PALAM
SOUND


अटल जी जन्मशती समारोह
PALAM
SOUND

